राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

बाड़मेर सीमा स्थित गांवों का दौरा किया

भारत पाक सीमा क्षेत्र का दौरा किया, जवानों से संवाद किया

विद्यालय में बालिका नामांकन और अनुतीर्ण बच्चों के स्कूल में नामांकन करवाकर फिर से पढ़ाने के निर्देश दिए

"एक पेड़ मां के नाम" के तहत वृक्ष लगाया

विकास योजनाओं के बारे में ली जानकारी

अधिकारियों को समस्या समाधान के दिए निर्देश

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को बाड़मेर के सुदूर पश्चिम सीमा स्थित गांवों का दौरा कर वहां पर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पीएम आवास, मनरेगा आदि के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में ग्रामीण जनों से संवाद कर जानकारी ली।

उन्होंने अपने साथ चल रहे अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश देते हुए गांव गरीब के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हुए कार्य करने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने गडरारोड पंचायत समिति के तामलोर गांव में ग्रामीणों से उनके निवास स्थान पहुंचकर व्यक्तिगत संवाद किया। बाद में उन्होजे गांव में केंंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से किए गए विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। उन्होंने गांव के तालाब और जल संरक्षण के तहत अन्य संरचनाओं का भी मुआयना किया। उन्होंने आम जन से अपील भी की कि वर्षा की एक एक बूंद को सहेजा जाए।

विद्यालय के बच्चों से किया संवाद, अनुतीर्ण बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ने के दिए निर्देश

गडरा रोड के तामलोर गांव में राज्यपाल ने वहां के विद्यालय के बच्चों से बातचीत की। उन्होंने स्कूल में 34 में से 27 बच्चों ने उत्तीर्ण होने की जानकारी मिली तो उन्होंने 7 अनुत्तीर्ण बच्चों के भविष्य पर चिंता जताई। हैडमास्टर को बुलाकर उन्होंने इन बच्चों के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए और कहा कि इनके अभिभावकों से संपर्क कर इनका विद्यालय में फिर से नामांकन करवाया जाए और पढ़ाई से इन्हें फिर से जोड़ें।

पीएम आवास योजना लाभार्थी से मिले

गडरा रोड के तामलोर गांव में राज्यपाल श्री बागडे ने पीएम आवास योजना की लाभार्थी गुड्डी कंवर के घर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से जल जीवन मिशन, उज्ज्वला गैस योजना आदि के बारे में जानकारी ली।

भारत पाक सीमा का निरीक्षण किया, सैनिकों से किया संवाद

राज्यपाल ने बाड़मेर दौरे के अंतर्गत मुनाबाव बॉर्डर पहुंचकर सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत-पाक बॉर्डर बीओपी का निरीक्षण करने के साथ ही सीमा क्षेत्र पर चौकसी रखते जवानों द्वारा निरंतर राष्ट्र की रक्षा के लिए कार्य करने की सराहना की। सीमा सुरक्षा बल के जवानों से संवाद करते हुए उन्होंने बॉर्डर एरिया से संबंधित मुद्दों पर भी अलग से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सेना के जाबाज़ सैनिक मां भारती के वह सपूत है जिनके कंधे पर राष्ट्र की सुरक्षा का भार है। उन्होंने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए उनके पराक्रम की सराहना की। उन्होंने सीमा पार से अवैध सामानों की तस्करी, नशीले पदार्थों के उपयोग आदि के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने बीएसएफ के अधिकारियों के साथ सुरक्षा समन्वय बैठक में सीमा सुरक्षा से मुड़े मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सीमा पर रहने वाले परिवारों की भी सराहना की तथा राष्ट्र की सुरक्षा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

BSF
सीमा सुरक्षा
भारत की प्रथम रक्षा
ABHISHEK PATHAK
BSF

फ्रंटियर